चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/2553

दिनांक : 18.5.26

अनुस्मारक–01

अतिमहत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : **बी0एड0 प्रथम वर्ष–2026 की आन्तरिक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड होने के पश्चात् ही छात्र/छात्राओं को प्रयोगात्मक/मौखिक एवं लिखित परीक्षा में सम्मिलित किये जाने सम्बन्ध में।**

एतद्द्वारा समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा **बी0एड0 प्रथम वर्ष–2026** की आन्तरिक परीक्षायें, प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा से पूर्व सम्पन्न कराकर उनके अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कराये जाने हैं।

समस्त सम्बन्धित बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान बी0एड0 प्रथम वर्ष के समस्त अर्ह छात्र/छात्राओं की **आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर उनके अंक** विश्वविद्यालय के पोर्टल https://annual.ccsuniversityweb.in/ पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें जिससे प्रयोगात्मक/मौखिक/लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने से कोई भी अर्ह छात्र/छात्रा वंचित न रहें। यदि अंक अपलोड करने में कोई समस्या आती है तो हेल्प लाईन नम्बर–807791145, 7078132884 के माध्यम से सम्बन्धित समस्या का निवारण कर सकते हैं। विज्ञप्ति संख्या–गोप0/2535, दिनांक 08.05.2026 जारी किये जाने के पश्चात् भी अधिकांश महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा वांछित अंक अपलोड नहीं किये गये हैं। **उक्त स्थिति पर मा0 कुलपति जी द्वारा रोष व्यक्त किया गया है।**

जैसा कि आप अवगत है कि बी0एड0 द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई है जिसमें कतिपय छात्र/छात्रा आन्तरिक अंक अपलोड न होने के कारण प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके। ऐसे बी0एड0 प्रथम वर्ष–2026 के छात्र जिनके आन्तरिक अंक अपलोड नहीं है उन्हें **किसी भी दशा में प्रयोगात्मक/मौखिक एवं लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं होगा** जिसका समस्त उत्तरदायी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान एवं छात्र/छात्रा का होगा। समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान को पुनः निर्देशित किया जाता है कि ऐसे छात्र/छात्रा जिनके आन्तरिक अंक अपलोड नहीं किये गये हैं किसी भी दशा में आन्तरिक परीक्षा के अंक 03 कार्य दिवसों में पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें जिससे उक्त छात्र/छात्रा प्रयोगात्मक/मौखिक एवं लिखित परीक्षा में सम्मिलित हो सके।

यह भी सूच्य है कि अर्ह छात्रों के आन्तरिक अंक अपलोड न करने वाले महाविद्यालय/संस्थान का नाम बी0एड0 सत्र 2026–28 की काउंसिलिंग हेतु प्रेषित नहीं किया जायेगा।

18/05/26

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को इस आशय से प्रेषित कि बी0एड0 सत्र 2026–28 की काउंसिलिंग हेतु गोपनीय विभाग की बिना संस्तुति के किसी भी महाविद्यालय का नाम प्रेषित न किया जाय।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि महाविद्यालय द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म के समस्त छात्र/छात्राओं के आन्तरिक अंक अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान द्वारा निर्धारित आन्तरिक परीक्षा में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना सुनिश्चित करें जिससे कि महाविद्यालय द्वारा सम्बन्धित छात्र/छात्रा के आन्तरिक अंक निर्बाध रूप से पोर्टल पर अपलोड किये जा सके।
6. निदेशक, सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त लिंक पर अंक अपलोड करने की निर्बाध सेवायें उपलब्ध कराना और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल निर्गत मोबाईल नम्बर पर उसका निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
8. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उक्त विज्ञप्ति समस्त राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)